पत्रिका

नेपा मिल का 69वां स्थापना दिवस मनाया, नेपा मिल सीएमडी ने कहा

# 'नेपा केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की पहली सांस'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में उत्पादन नहीं के बराबर है। रॉ मटेरियल की अनुपलब्धता की स्थिति है। इसी बीच 26 अप्रेल को नेपा मिल का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें नवागत सीएमडी ने टीम वर्क के साथ सभी को सहयोग करने को कहा।

मिल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद अनाम श्रमिक स्थल, सेल्स गोदाम, पेपर मशीन परिसर स्थित शिलालेखों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वाणिज्य विभाग के पं. ईशान व्यास ने विधिवत मंत्रोच्चार, पूजा, अर्चना की ।

सीएमडी ने कहा नेपा लिमिटेड केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की पहली सांस है, जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1956 में राष्ट्र को कागज का तीर्थ के रूप में समर्पित किया था। उन्होंने कहा कि सात दशकों की यात्रा में नेपा अनेक उतार चढ़ावों से गुजरते हुए आज भी प्रासंगिक और जीवंत है, जिसका श्रेय सभी समर्पित कर्मियों को जाता है।



सीएमडी ने किया संबोधित।

## वार्षिक पत्रिका नेपा विज का विमोचन

इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के सतर्कता विभाग की प्रथम वार्षिक पत्रिका नेपा विज का विमोचन किया गया। सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि जैसे विचारशील विषय पर आधारित इस पत्रिका के संयोजन के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा को सीएमडी ने शुभकामनाएं दीं। आकाशवाणी खंडवा द्वारा सीएमडी का शुभकामना संदेशए जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे की विशेष रेडियो वार्ता नेपा लिमिटेड पावन तपोवन से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प का प्रसारण भी किया गया।

इस दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त, लेखा सीएन वर्मा, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, दिनेश सोवले, चंद्रमोहन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## यह भी हुआ

भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित लेखन प्रतियोगिता में संदीप ठाकरे को बाधाओं के बीच हंसती मुस्कुराती हमारी राष्ट्र भाषा हिंदी विषयक आलेख के लिए संयुक्त सचिव केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य आयोजन के पूर्व नेपा वॉकथान प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में डीपी मिश्रा, महिला वर्ग में मनीषा खैरनार और लक्ष्मी सेन, जूनियर वर्ग में धरा दीक्षित और जयेश सेन को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 27 Apr 2025

### नेपा मिल का 69वां स्थापना दिवस मनाया, सीएमडी ने कहा-

# नेपा लिमिटेड सिर्फ एक उद्योग नहीं आत्मनिर्भर भारत की पहली सांस है



**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

शनिवार को नेपा मिल का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मिल में कार्यक्रम आयोजित हुए। अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। कारखाना परिसर में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात अनाम श्रमिक स्थल, सेल्स गोदाम, पेपर मशीन परिसर स्थित शिलालेखों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वाणिज्य विभाग के पं. ईशान व्यास द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना की गई।

सीएमडी ने कहा, नेपा लिमिटेड केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की पहली सांस है, जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने 1956 में राष्ट्र को कागज का तीर्थ के रूप में समर्पित किया था। उन्होंने कहा कि, सात दशकों की यात्रा में नेपा अनेक उतार चढ़ावों से गुजरते हुए आज भी प्रासंगिक और जीवंत है, जिसका श्रेय सभी समर्पित कर्मियों को जाता है। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के सतर्कता विभाग की प्रथम वार्षिक पत्रिका नेपा विज का विमोचन किया गया। सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि जैसे विचारशील विषय पर आधारित इस पत्रिका के संयोजन के लिए मुख्य सतर्क ता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा को सीएमडी ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आकाशवाणी खंडवा द्वारा सीएमडी का शुभकामना संदेश, जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे की विशेष रेडियो वार्ता नेपा लिमिटेड पावन तपोवन से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प का प्रसारण भी किया गया। इस दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी, जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया। आभार प्रदर्शन कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने माना।

दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 27-04-2025

सीएमडी ने कहा, रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

# संस्थान में विश्वास कायम करना टीम वर्क के साथ काम करना है

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

आप लोगों ने आज तक मिल को चलायमान रखा। हमें संस्थान में और विश्वास कायम करना है। टीम वर्क के साथ काम करना है। कंपनी का प्रचालन फिर से आरंभ होने से नेपानगर और इसके आसपास के क्षेत्र और उद्योग फलने फूलने लगेंगे और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। यह बात नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर अरविंद वढ़ेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने नेपा मिल के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को आयोजित एक समारोह में कही। उन्होंने कहा- मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि इसमें सभी का सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा- कर्मचारियों का मेडिकल ट्रीटमेंट निजी अस्पताल में कराने के लिए हम जल्द एमओयू साइन करेंगे।

सुबह 9 बजे नेपा वॉकथान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, कमोडोर वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। कारखाना परिसर में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इसके बाद अनाम श्रमिक स्थल, सेल्स गोदाम, पेपर मशीन परिसर स्थित शिलालेखों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वाणिज्य विभाग के पंडित ईशान व्यास द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार, पूजा, अर्चना की गई। इस दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा, मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केशरी, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त, लेखा सीएन वर्मा सहित स्टाफ मौजूद था।

## उतार-चढ़ाव से गुजरी नेपा मिल की यात्रा

सीएमडी ने कहा नेपा लिमिटेड केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की पहली सांस है, जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1956 में राष्ट्र को कागज का तीर्थ के रूप में समर्पित किया था। उन्होंने कहा कि 7 दशकों की यात्रा में नेपा अनेक उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए आज भी प्रासंगिक और जीवंत है, जिसका श्रेय सभी समर्पित कर्मियों को जाता है। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के सतर्कता विभाग की प्रथम वार्षिक पत्रिका नेपा विज का विमोचन किया गया। सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि जैसे विचारशील विषय पर आधारित इस पत्रिका के संयोजन के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा को सीएमडी ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आकाशवाणी खंडवा द्वारा सीएमडी का शुभकामना संदेश, जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे की विशेष रेडियो वार्ता नेपा लिमिटेड पावन तपोवन से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प का प्रसारण भी किया गया।

# नेपा लिमिटेड ने मनाया 69 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर संदीप ठाकरे की विशेष रेडियो वार्ता का प्रसारण भी किया गया

नेपानगर-आगाज़ इंडिया

**भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड ने शनिवार को अपना 69वां स्थापना दिवस अत्यंत गरिमा, उत्साह और प्रेरणा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे "नेपा वॉकथान" से हुई, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**





मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) ने की। कारखाना परिसर में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात अनाम श्रमिक स्थल, सेल्स गोदाम तथा पेपर मशीन परिसर स्थित शिलालेखों पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के पंडित ईशान व्यास द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना की गई। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) ने नेपा लिमिटेड के गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से यह संस्थान शीघ्र ही "मिनी रत्न" का दर्जा प्राप्त करेगा। उन्होंने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुविधा बढ़ाने हेतु प्रदेश के प्रतिष्ठित मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों से समझौते की दिशा में पहल करने की भी घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, नेपा लिमिटेड केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की पहली सांस है, जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने 1956 में राष्ट्र को 'कागज का तीर्थ' के रूप में समर्पित किया था। उन्होंने कहा कि सात दशकों की यात्रा में नेपा अनेक उतार-चढ़ावो से गुजरते हुए आज भी प्रासंगिक और जीवंत है, जिसका श्रेय सभी समर्पित कर्मियों को जाता है। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के सतर्कता विभाग की प्रथम वार्षिक पत्रिका 'नेपा विज' का विमोचन किया गया। "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" जैसे विचारशील विषय पर आधारित इस पत्रिका के संयोजन के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (भारतीय राजस्व सेवा) को सीएमडी ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आकाशवाणी खंडवा द्वारा सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (विशिष्ट सेवा मेडल) का शुभकामना संदेश एवं जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे की विशेष रेडियो वार्ता "नेपा लिमिटेड : पावन तपोवन से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प" का प्रसारण भी किया गया, जिसने श्रोताओं को भावनात्मक रूप से नेपा की यात्रा से जोड़ा। साथ ही, भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित लेखन प्रतियोगिता में संदीप ठाकरे को "बाधाओं के बीच हंसती मुस्कुराती हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी" विषयक आलेख के लिए संयुक्त सचिव, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य आयोजन के पूर्व "नेपा वॉकथान" प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में डी.पी. मिश्रा, महिला वर्ग में मनीषा खैरनार और लक्ष्मी सेन, तथा जूनियर वर्ग में कु. धरा दीक्षित और जयेश सेन को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (भारतीय राजस्व सेवा), मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) राम अलागेसन, उप महाप्रबंधक (कार्य) सुरेंद्र मेहता,वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक (पावर हाउस) महेंद्र केशरी, प्रबंधक (पेपर मशीन) कुमार देशमुख, प्रबंधक (विपणन) प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक (वाणिज्य) राजेंद्र जाधव, प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) सी.एल. वर्मा, प्रबंधक (अनुरक्षण) विजय चौधरी, उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सी.एन. वर्मा, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, दिनेश सोवले, चंद्रमोहन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी संजय पवार, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी, प्रधान सचिव अरुण कुमार फरकले, सहित कई अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी एवं जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार प्रदर्शन कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन द्वारा किया गया।